एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता दिव्यकृति सिंह स्टेट इलेक्शन आइकन नियुक्त

चर्चा में क्यों?

10 नवंबर, 2023 को भारत निर्वाचन आयोग ने घुड़सवारी में एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता दिव्यकृति सिंह को 'स्टेट इलेक्शन आइकन'नियुक्त करने के राज्य निर्वाचन आयोग के प्रस्ताव का अनुमोदन किया है।

प्रमुख बिंदु

- विदित हो कि आगामी विधानसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान कराने के लिये राज्य निर्वाचन विभाग द्वारा मतदाताओं को अधिक से अधिक संख्या में मतदान के लिये प्रेरित करने के लिये विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली मशहूर हस्तियों को 'स्टेट इलेक्शन आइकॉन' के रूप में नियुक्त किया गया है।
- इसी कड़ी में घुड़सवारी में एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता जयपुर निवासी 24 वर्षीय दिव्यकृति सिंह को 'स्टेट इलेक्शन आइकॉन'नियुक्त किया गया है।
- उल्लेखनीय है कि दिल्ली विश्वविद्यालय के जीसस एंड मैरी कॉलेज से मनोविज्ञान में स्नातक दिव्यकृति ने हाल ही में चीन में आयोजित 19वें एशियाई खेलों में घुड़सवारी (ड्रेसेज) स्पर्धा के टीम इवेंट में भारत के लिये स्वर्ण पदक जीता था।
- वे एशियाई खेलों के अलावा, यूरोप में कई अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। इसके साथ ही उन्हें इंडिया टुडे वुमन अचीवर अवार्ड तथा सवाई जयपुर पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/asian-games-gold-medalist-divyakriti-singh-becomes-state-election-icon